# जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण

परियोजना प्रस्तावक **मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह,** की मैसनरी स्टोन कलस्टर मय खनन परियोजना, एम.एल. नं. 45/2022, का कुल खनन् क्षेत्र 1.2248 हैक्टेयर एवं कलस्टर का कुल क्षेत्रफल 10.5526 हैक्टेयर है। एम.एल. नं. 45/2022, की प्रस्तावित खनन क्षमता – 89,724 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं कलस्टर की उत्पादन क्षमता 6,92,899 टन प्रतिवर्ष (रोम), निकट ग्राम – बाकलियावास, तहसील – मेड़ता एवं जिला – नागौर (राजस्थान) में पर्यावरणीय स्वीकृती हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट, मेड़ता, जिला नागौर (राजस्थान) की अध्यक्षता में दिनांक 29.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाकलियावास परिसर, तहसील–मेड़ता एवं जिला – नागौर (राजस्थान) में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही (Minutes) का विवरणः–

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलेक्टर, नागौर के पत्र कमांक 3917 दिनांक 19.06.2024 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नागौर के पत्र कंमाक RPCB/RO NGR/PUB-20/61-63 दिनांक 15.04.2024 के अनुपालना में **मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह** की मैसनरी स्टोन कलस्टर मय खनन परियोजना, एम.एल. नं. 45/2022, का कुल खनन् क्षेत्र 1.2248 हैक्टेयर एवं कलस्टर का कुल क्षेत्रफल 10.5526 हैक्टेयर है। एम.एल. नं. 45/202 की प्रस्तावित खनन क्षमता – 89,724 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं कलस्टर की उत्पादन क्षमता 6,92,899 टन प्रतिवर्ष (रोम), निकट ग्राम– बाकलियावास, तहसील– मेड़ता एवं जिला– नागौर (राजस्थान) में पर्यावरणीय स्वीकृती हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट, मेड़ता, जिला नागौर (राजस्थान) की अध्यक्षता में दिनांक 29.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाकलियावास, तहसील–मेड़ता एवं जिला – नागौर मे आयोजित की गई। जन सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर परिशिष्ट संख्या 01 पर संलग्न है। जनसुनवाई की आम सूचना दो स्थानीय समाचार पत्र द इण्डियन एक्सप्रैस में दिनांक 16 जून, 2024 (रविवार) एवं दैनिक नवज्योति दिनांक 19 जून, 2024 (बुधवार) को प्रकाशित की गई थी जिसकी प्रति परिशिष्ट संख्या 02 पर सलंग्न है।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

उपखण्ड अधिकारी
मेड़ता (राज.)

जन सुनवाई के प्रारम्भ में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्री सचिन कुमार ने सभी आंगतुको का स्वागत किया। तत्पश्चात श्रीमती पूनम, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, मेड़ता, जिला नागौर की अनुमति से जनसुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्री सचिन कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, नागौर ने जनसुनवाई के महत्व, प्रावधान, उदेदश्य तथा परियोजना के बारे में जानकारी दी एवं परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियो को प्रस्तावित कलस्टर खनन् परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत् आमंत्रित किया।

परियोजना प्रंबधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार मैसर्स उदयपुर मीन–टेक प्राईवेट लिमिटेड के पर्यावरणीय सलाहकार श्रीमती पूनम राठौड़ के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियो एवं ग्रामवासियो/व्यक्तियो को विस्तृत जानकारी दी। खनन परियोजना के सम्बन्ध में कलस्टर जानकारी एवं नक्शा जानकारी, परियोजना की स्थिति, लोकेशन मेप, खनन पट्टे की गूगल इमेजनरी, परियोजना की प्रमुख विशेषताएं, परियोजना का विवरण, क्षेत्र की पर्यावरण स्थिति का विवरण, परिवहनभार, पर्यावरण संरक्षण उपाय, खनन की समय सीमा समाप्ति पर भूमि का उपयोग, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टिका का विकास, पर्यावरण प्रबंधन योजना (वायु, जल, ध्वनि, ठोस अपशिष्ट गुणवत्ता प्रबंधन), व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खनन परियोजना से होने वाले प्रदूषण, उसके प्रंबधन तथा मण्डल मानको के अनुरूप रोकथाम करने के प्रस्तावित प्रयासो से अवगत कराया। साथ ही वृक्षारोपण, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.), व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई।

श्री सचिन कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, नागौर एवं श्रीमती पूनम, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, मेड़ता, जिला नागौर की ओर से जनसुनवाई में उपस्थित लोगो को अपने विचार/आपत्ति, सुझाव प्रकट करने के लिए आंमत्रित किया गया।

जनसुनवाई में उपस्थित जनसमुदाय ने प्रस्तावित परियोजना का स्वागत किया।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

उपखण्ड अधिकारी
मेड़ता (राज.)

जनसुनवाई से पहले, दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात उक्त खनन परियोजना से संबंधित कोई भी सुझाव/अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र लिखित एवं मौखिक रूप में प्राप्त नही हुए है।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, नागौर द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियो/व्यक्तियो का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ श्रीमती पूनम, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, जायल, जिला नागौर की अनुमति से पर्यावरणीय जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा के साथ जन–सुनवाई की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

श्रीमती पूनम,
उपखण्ड मजिस्ट्रेट,
मेड़ता, जिला नागौर

उपखण्ड अधिकारी
मेड़ता (नाग.)

श्री सचिन कुमार,
क्षेत्रीय अधिकारी,
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल,
नागौर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

# उपस्थिति पंजिका

मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना (एम.एल. नं. 45/2022, 10/2022, 11/2022, 41/2022, 42/2022, 43/2022, 44/2022, 46/2022 एवं 47/2022), कुल कलस्टर क्षेत्र– 10.5526 हैक्टेयर, कुल कलस्टर उत्पादन क्षमता– 6,92,899 टन प्रति वर्ष (रोम), आवेदक मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह, एम.एल. नं. 45/2022, प्रस्तावित खनन क्षेत्र– 1.2248 हैक्टेयर, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता–89,724 टन प्रति वर्ष (रोम), गांव– बाकलियावास, तहसील– मेड़ता एवं जिला – नागौर (राज.)।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकलियावास परिसर, तहसीलः मेड़ता, जिलाः नागौर
दिनाँकः 29.07.2024,
समयः प्रातः 10:00 बजे

| क्र.म. | नाम एवं पता | मोबाइल नं. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | पूनम SDO Merta | 9116830877 | [signature] |
| 2. | नवीन कुमार, RO, RSPCB | 9571228128 | [signature] |
| 3. | लोकराज डोगी, AEE, RSPCB | 9549828642 | [signature] |
| 4. | श्याम सिंह | 9001648850 | [signature] |
| 5. | राम सिंह | 9602001897 | श्याम सिंह |
| 6. | पूनम राठौड़ (UMTC) | 9185086528 | Poon |
| 7. | सज्जनसिंह | 6377624268 | [signature] |
| 8. | भगवानपुरी | 7008904142 | [signature] |
| 9. | दिलिपसिंह | 9982703457 | दिलिपसिंह |
| 10. | दगलाराम | 6377624268 | [signature] |
| 11. | सुखराम | 9001912075 | सुखराम |
| 12. | मनीराम | 8112243275 | मनीराम |
| 13. | जोकरसिंह | | जोकरसिंह |
| 14. | चैनसिंह | 9001648952 | चैनसिंह |
| 15. | माधु सिंह | 9887786492 | [signature] |
| 16. | लक्ष्मण सिंह | 7568582885 | लक्ष्मण सिंह |
| 17. | गंगा सिंह | | गंगा सिंह |

# उपस्थिति पंजिका

मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना (एम.एल. नं. 45/2022, 10/2022, 11/2022, 41/2022, 42/2022, 43/2022, 44/2022, 46/2022 एवं 47/2022), कुल कलस्टर क्षेत्र– 10.5526 हैक्टेयर, कुल कलस्टर उत्पादन क्षमता– 6,92,899 टन प्रति वर्ष (रोम), आवेदक मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह, एम.एल. नं. 45/2022, प्रस्तावित खनन क्षेत्र– 1.2248 हैक्टेयर, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता–89,724 टन प्रति वर्ष (रोम), गांव– बाकलियावास, तहसील– मेड़ता एवं जिला – नागौर (राज.)।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकलियावास परिसर, तहसीलः मेड़ता, जिलाः नागौर
दिनाँकः 29.07.2024,
समयः प्रातः 10:00 बजे

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | सवाई सिंह | 9930468552 | सवाई सिंह |
| 19. | समन्द्र राम | — | समन्दराम |
| 20. | चुनि लाल | 9529541156 | चुनीलाल |
| 21. | राम देव | 8302232931 | [signature] |
| 22. | छठु राम | 7976593918 | छ.ठुराम |
| 23. | काना राम | 6350082356 | कानाराम |
| 24. | उमेद सिंह | 6302522648 | [signature] |
| 25. | प्रहलाद सिंह राठौड़ | 6387044630 | प्रहलादसिंह राठौड़ |
| 26. | रामदीन ओड | 7726855419 | रामदीन |
| 27. | मनोहरसिंह | 8769250733 | मनोहर सिंह |
| 28. | पांचाराम देवाल | 7568584070 | पाँचाराम |
| 29. | सुखाराम ओड | 9001912075 | सुखाराम |
| 30. | जेठूसिंह राठौड़ | 9521151157 | जेठूसिंह राठौड़ |
| 31. | भवानीसिंह राठौड़ | 9785073871 | भवानीसिंह |
| 32. | चैनसिंह | 9664024682 | चैनसिंह |
| 33. | प्रभुराम | 9521659274 | [signature] |
| 34. | सुनिलनायक | 9351352931 | सुनिलनायक |
| 35. | राजवीर | — | राजवीर |

# उपस्थिति पंजिका

मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनन कलस्टर परियोजना (एम.एल. नं. 45/2022, 10/2022, 11/2022, 41/2022, 42/2022, 43/2022, 44/2022, 46/2022 एवं 47/2022), कुल कलस्टर क्षेत्र– 10.5526 हैक्टेयर, कुल कलस्टर उत्पादन क्षमता– 6,92,899 टन प्रति वर्ष (रोम), आवेदक मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह, एम.एल. नं. 45/2022, प्रस्तावित खनन क्षेत्र– 1.2248 हैक्टेयर, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता–89,724 टन प्रति वर्ष (रोम), गांव– बाकलियावास, तहसील– मेड़ता एवं जिला – नागौर (राज.)।

स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकलियावास परिसर, तहसीलः मेड़ता, जिलाः नागौर
दिनाँकः 29.07.2024,
समयः प्रातः 10:00 बजे

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36. | आनन्द सिंह | 9782214695 | |
| 37. | महावीर सिंह | 9928638325 | |
| 38. | दशरथ सिंह | 6375714550 | Dashrath |
| 39. | सुरेन्द्र सिंह | 6375245696 | Surendra |
| 40. | सुगनसिंह | 9509589150 | सुगन |
| 41. | श्रवण | 9413635592 | |
| 42. | [illegible] सिंह | 9454121555 | |
| 43. | किशन सिंह | 9714433890 | किशन |
| 44. | दशरथ सिंह | | दशरथ |
| 45. | सुरेन्द्र सिंह | | |
| 46. | Khushi Tiwari | | Khushi Tiwari |
| 47. | Shakti | 9950182478 | शक्ति |
| 48. | Jaideep | 9680289898 | जयदीप |
| 49. | | | |
| 50. | गजेसिंह | 9785136995 | गजेसिंह |
| 51. | | | |
| 52. | | | |
| 53. | | | |

### देवरी धाम में पंगत प्रसादी की अनूठी परम्परा, सैकड़ों श्रद्धालु ग्रहण करते हैं प्रसाद

# अन्न का एक कण और समय का क्षण, कभी व्यर्थ न गंवाएं

न्यूज सर्विस/नवज्योति, गोटन

क्षेत्र के रतकूड़िया भाकर स्थित कबीर पंथानुनायी लोकसंत भोलाराम महाराज देवरी धाम जन जन की आस्था का केंद्र हैं। यहां कई वर्षों से पंगत प्रसादी की अनूठी परम्परा चल रही जो आज भी कायम हैं। महंत रमैयादास महाराज की सद्प्रेरणा से सैकड़ों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण कर अपने को कृतार्थ कर रहे हैं। युवाचार्य संत रामदास शास्त्री ने बताया कि पंगत प्रसादी की परम्परा संत भोलाराम महाराज द्वारा देवरी धाम स्थापना के समय से चलीं आ रही हैं, जो आज भी कायम हैं। उसी परम्परा का वर्तमान महंत रमैयादास महाराज आज निर्वहन कर रहे हैं। देवरी धाम दर्शनार्थ आने वाले साधु संत, श्रद्धालु संत भोलाराम महाराज समाधिस्थल का दर्शन, परिक्रमा कर महंतश्री से आशीर्वाद लेकर भोजन भंडार में पंगत प्रसादी का धर्म लाभ लेते हैं। यहां पर दिनभर सैकड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती हैं। बिना प्रसाद ग्रहण किये श्रद्धालुओं को नहीं जाने दिया जाता हैं। देवरी धाम के संत श्रद्धालुओं से प्रसाद पाने का बार बार आग्रह करते हैं। यहां का भोजन भंडार अनवरत चलता रहता हैं।





गोटन। देवरी धाम मंदिर परिसर में प्रसादी ग्रहण करते संत और श्रद्धालु व भोजन तैयार करते सेवादार। -कुन्दनसिंह राजपुरोहित

इस संबंध में साध्वी कैलीबाई व भंडारी बालाराम बताते हैं कि प्रसाद रुप में भोजन भंडार में रोजाना दो मण बाजरे का खींचड़ा व एक बड़ा कड़ाव कढ़ी बनता है साथ ही बाजरे का सोगरा भी बनता हैं। यहां पर खीचड़ा कूटने की मशीन हैं। रोजाना भोजन में भंडार से 1 से 2 दो क्विंटल बाजरा, 10 किलो मोठ, 12 किलो बेसन, 3 से 5 क्विंटल ईधन की खपत होती है। सभी पकवानों के पीछे राम शब्द उच्चारित होता है। एकादशी, अमावस्या, पुर्णिमा, बरसीं, मेला, उत्सवों पर लापसी, हलवा, बूंदी, भुजिया, चूरमा, सब्जी पुड़ी, मिठाई आदि पकवान् बनते हैं। कई बार श्रद्धालुओं द्वारा सवामणी का आयोजन रखा जाता हैं। आस पास ग्रामीण अंचल के किसानों, श्रद्धालुओं, भामाशाहों आदि भंडारा के लिए अनाज भेंट करते हैं। संत रामभरोस महाराज भंडार में ईधन का प्रबंधन दूर दराज के गांवों से करते हैं। संत रामपाल अनाज पिसाई का नियमित कार्य करते हैं। साधक राजू बेड़ा बताते कि हाल ही में भोजन शाला में महंत रमैयादास महाराज की प्रेरणा व भामाशाह के सहयोग से वृद्ध संतों श्रद्धालुओं के लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था की गई हैं। श्रद्धालु भोजन शाला में सेवाएं देते हैं। महंत रमैयादास महाराज ने कहा कि महाप्रसाद देवता को भी दुर्लभ हैं। वो मनुष्य को मिला हैं। मनुष्य को अन्न का एक कण व समय का एक क्षण कभी व्यर्थ नही गंवाना चाहिए। वहीं युवाचार्य संत रामदास शास्त्री उत्तराधिकारी देवरी धाम का कहना है कि कर्माबाई ने भगवान् श्रीकृष्ण को प्रेम भाव से खींच खिलाया। महाप्रसाद का एक एक कण अमृत समान हैं। प्रसाद रुप में खीचड़ा श्रद्धालु बड़े चाव से ग्रहण करते है।

# आचरण के सौन्दर्य में ही आनंद-सुख की अनुभूति

## विमलनाथ भगवान का मोक्षकल्याण दिवस मनाया

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मकराना

वसुधरा नगर कॉलोनी के चन्द्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में विमलनाथ भगवान का मोक्षकल्याण दिवस मनाया गया। इस मौके पर गुरुवार देर शाम तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। यहां महिलाओं द्वारा णमाकार मंत्र की जाप किया गया। साथ ही भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मंदिर के सेवक सुनील कुमार जैन ने कहा कि सम्पत्ति और वैभव मनुष्य को सुख देंगे, यह कोरा भ्रम है।

आचरण के सौन्दर्य में ही आनंद है एवं सुख की अनुभूति मिलती है। शांत प्रकृति, पवित्र आचार एवं पवित्र विचार जीवन को श्रेष्ठ बनाते है। जीवन के सत्य को पाने के लिये संघर्ष उसकी मलिनताओं को दूर करे। धर्मसभा के समापन के बाद मंदिर प्रशासन की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रकाश डोसी, सतीश ढीलवारी, सुरज डोषी, नवीन पाण्डया, संदीप गोधा, विमल पहाड़िया, पवन कठेरिया, कमल पहाड़ियां, अतिशय जैन, रिषभ महेतिया, विमल महेतिया, अनिल जैन, रुपेश साहुला, गिरीश बरेठ, पवन पाण्डया, तिलका देवी डोसी, मैना देवी पहाड़ियां, प्रभा लता पाण्डया, सरिता पहाड़ियां, सुनिता कठेरिया, मनीषा डोसी, रेखा पाण्डया, मधु महेतिया, मनु प्राची जैन, मधु महेतिया, आरती साहुला, अंजू पहाड़ियां, आशा बरेठा, ऊषा महेतिया, शालिनी जैन, वंदना जैन, बीना पाटनी, खुशी डोसी, नेहल पाण्डया आदि उपस्थित रहे।




**वीर तेजा विद्या मन्दिर, उच्च माध्यमिक विद्यालय, गौरेड़ी चांचा, डेगाना जं.**

------: आवश्यकता :------

निम्न विषयों में व्याख्याताओं एवं सामान्य अध्यापकों की आवश्यकता है। जीव विज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, अनिवार्य हिन्दी, हिन्दी साहित्य तथा वरिष्ठ अध्यापक पद में विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी एवं सामाजिक विषय के एक-एक अध्यापक एवं 5 सामान्य अध्यापक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की आवश्यकता है। जिसमें पात्रता रखने वाले सम्पर्क करें।

राजूदेवी सचिव धन्नाराम डूडी प्रधानाचार्य
सम्पर्क सूत्र = 9982319760, 8005723759

DNA321514


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता सिटी (नागौर)**

टेलीफोन नं. 01590-220012 | **लोक सूचना** | ई-मेल-npmetracity@gmail.com

क्रमांक : न.पा.मे. / 952 | दिनांक : 28.06.2024

नगरपालिका मेड़ता सिटी द्वारा निम्न आवेदक की इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| पत्रावली संख्या | जिले व तहसील का नाम | आवेदक का नाम व पता | ग्राम का नाम व खसरा नं. | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 89/2024-25 | नागौर तहसील मेड़ता | असलम व आरीफ पिसरान अब्दुल रसीद जाति सिपाही निवासी मेड़ता सिटी | मेड़ता के खसरा नम्बर 6797/6590 | रकबा 0.9006 हैक्टेयर | आवासीय प्रयोजनार्थ श्री किशन नगर-ए |
| 90/2024-25 | नागौर तहसील मेड़ता | मनसुब पुत्र अब्दुल रसीद जाति सिपाही निवासी मेड़ता सिटी | मेड़ता के खसरा नम्बर 6798/6590 | रकबा 0.9404 हैक्टेयर | आवासीय प्रयोजनार्थ श्री किशन नगर-बी |
| 91/2024-25 | नागौर तहसील मेड़ता | मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल रसीद जाति सिपाही निवासी मेड़ता सिटी | मेड़ता के खसरा नम्बर 6799/6590 | रकबा 0.7019 हैक्टेयर | आवासीय प्रयोजनार्थ श्री किशन नगर-सी |
| 92/2024-25 | नागौर तहसील मेड़ता | जब्बरचन्द पुत्र श्री रामचन्द्र जाति माली निवासी मेड़ता सिटी | मेड़ता के खसरा नम्बर 6721/3595 | रकबा 0.4719 हैक्टेयर | आवासीय प्रयोजनार्थ बाबा रामदेव नगर-सी |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है, और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28.06.2024 को जारी की गई है।

प्राधिकृत एवं अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका मेड़ता सिटी

DNA 321486

# अच्छी कर्मों से ही मनुष्य जन्म लेने की सार्थकता

## आर्यिका नन्दीश्वरमती माताजी ने कराया भक्ति सरिता में अवगाहन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, कुचामनसिटी

मनुष्य कुल में जन्म लेने की सार्थकता अच्छे कर्म करने से है। जैसा होगा खानपान-वैसा ही होगा खानदान। अच्छा होगा भोजन तो ही कर पायेंगे भजन, अच्छा होगा मन तभी होंगे प्रभु दर्शन। शहर के जैन भवन में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को प्रवचनामृतपान कराते हुए जैन साध्वी आर्यिका नन्दीश्वरमती माताजी ने यह बात कही। माताजी ने कहा कि इन्द्रियों को वश में करो, इनके अधीन मत बनो। दूसरो के गुणों को देखो और स्वयं के दोषों को, स्वभाव को आलोचना का नहीं मधुर व्यवहार का बनाओ।

माताजी ने प्रवचन के दौरान एक प्रसंग में कहा कि गर्भवती अवस्था में राजरानी महासती सीता को जंगल में भेजने पर उन्होंने कहा कि ये किसी का नहीं मेरे कर्मों का दोष है।



नन्दीश्वरमती माताजी ने गुरू-शिष्य के संबंधों को एकलव्य-द्रोणाचार्य दृष्टान्त के साथ अत्यन्त भावनात्मक रूप से समझाया। अजमेरी मन्दिर अध्यक्ष जयकुमार पहाड़िया ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8:15 बजे आर्यिका माताजी के मंगल प्रवचन एवं सांय 7.15 बजे समाज द्वारा संगीतमय आरती एवं संघस्थ बा.ब्र. दीपा दीदी द्वारा आनन्द यात्रा के माध्यम से धर्म प्रभावना की जा रही है। अजमेरी मन्दिर प्रवक्ता अशोक गंगवाल ने बताया की मंगल प्रवचन में नथमल गंगवाल, लालचन्द पहाड़िया, जयकुमार पहाड़िया, चिरंजीलाल पाटोदी, राजकुमार सेठी, अजय पाटोदी, नेहरू पहाड़िया, संजय सेठी, संतोष कुमार पहाड़िया, विकास बज, बाबुलाल पहाड़िया, देवेन्द्र पहाड़िया, महेन्द्र पहाड़िया, तेज कुमार बड़जात्या, कैलाशचन्द पाण्ड्या, विमल झांझरी, निर्मल सोमानी, अमित पाटोदी सहित बड़ी संख्या में स्त्री-पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बादल छाए, उमस से राहत

**मकराना।** कस्बे में शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहे, जिससे लोगों को उमस से काफी राहत मिली। शाम करीब 6 बजे हल्की बुंदा बांदी से मौसम की गर्मी में काफी कमी दर्ज की गई। पिछले कई दिनो से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है इस परिवर्तान के कारण ही कभी धूल भरी हवाओं का दौर चलता है तो कभी सूर्यदेव के तिखे तेवर आमजन को अपनी तेज गरमी से झकझोर रहे है। शाम के समय बुंदा बांदी के साथ हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## आज बंद रहेगी बिजली

**मेड़ता सिटी।** आवश्यक रखरखाव कार्य के तहत शनिवार को शहर में विभिन्न जगहों पर 4 घंटें बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। शहर सहायक अभियंता कैलाशचंद जैन ने बताया कि 29 जून को रेणी गेट फिडर पर नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए शिफ्टिंग कार्य के तहत प्रात: 8 बजे से दिन में 12 बजे तक संगम विहार, कादरी कॉलोनी, नटराज होटल, राजपैलेस होटल, गणगौर चौक, रेण बायपास, आखलिया, जय श्री नगर, मूथा नाडी, बिजांडा रोड, आदि जगहों पर बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)

**अदालत उपखण्ड अधिकारी महोदय नावां, डीडवाना-कुचामन**

प्रार्थना पत्र संख्या : 144/2024

**प्रार्थी-** सुरेशराम पुत्र श्रवणराम, जाति जाट, निवासी गेनणों की ढाणी, पीपराली, तहसील नावां, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान।

बनाम

**अप्रार्थी संख्या-** 1. हीरालाल पुत्र श्योराम, जाति जाट, निवासी खाखोली, तहसील डीडवाना, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान।

आपको जरिए समाचार-पत्र सूचित किया जाता है कि सुरेशराम पुत्र श्रवणराम, जाति जाट, निवासी गैनणों की ढाणी, पीपराली, तहसील नावां, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान बनाम हीरालाल पुत्र श्योराम, जाति जाट, निवासी खाखोली, तहसील डीडवाना, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान वगैरह का प्रार्थना-पत्र उपखण्ड न्यायालय नावां में विचाराधीन है। उसमें आप पक्षकार हैं। आपको कोई उज्र एवं ऐतराज हो तो सुनवाई हेतु दिनांक 31.07.2024 को अपना पक्ष असालतन/वकालतन प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अत: यह सूचना निम्न हस्ताक्षरकर्ता के मय सील मोहर के दिनांक 24.06.2024 को जारी की गई।

मोहर | उपखण्ड अधिकारी, नावां (डीडवाना-कुचामन)

DNA 321515

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाइन के सामने,
नागौर- 341001 (राज.), ई-मेल-rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांक : राप्रनिम/आरओ-नागौर/ पी.यू.बी.-188/ | दिनांक : ..............

**पर्यावरणीय स्वीकृति चाईना क्ले (अप्रधान खनिज) खनन क्लस्टर परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ''प्रस्तावित चाईना क्ले (अप्रधान खनिज) खनन क्लस्टर परियोजना'' जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है-

| Sr.No. | Lease | ML No. | Plot No. | Area | ROM (TPA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Gaje Singh S/o Sh. Madhu Singh | 45.2022 | 60 | 1.2248 | 89,724 |
| 2. | M/s A.R.G. Enterprises (Prop. Sh. Harshit Godara) | 10.2022 | 56 | 1.2458 | 155,175 |
| 3. | Smt. Sukhi Devi W/o Sh. Nimba Ram | 11.2022 | 57 | 1.1568 | 143,250 |
| 4. | M/s A.R.G. Enterprises (Prop. Sh. Harshit Godara) | 41.2022 | 53 | 1.0647 | 94,375 |
| 5. | M/s A.R.G. Enterprises (Prop. Sh. Harshit Godara) | 42.2022 | 54 | 1.0914 | 91,250 |
| 6. | M/s A.R.G. Enterprises (Prop. Sh. Harshit Godara) | 43.2022 | 55 | 1.3041 | 119,125 |
| 7. | Sh. Babu Lal Khadav | 44.2022 | -- | 1.2490 | -- |
| 8 | Sh. Babu Lal Khadav | 46.2022 | -- | 1.1230 | -- |
| 9. | Sh. Babu Lal Khadav | 47.2022 | -- | 1.0930 | -- |
| | Total | | | 10.5526 | 692,899 |

1. आवेदक मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह, एम.एल.नं. 45/2022, कुल क्लस्टर क्षेत्र 10.5526 हेक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-6,92,899, प्रस्तावित खनन क्षेत्र 1.2248 हेक्टेयर, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 89.724 TPA (ROM) (Saleable Mineral - 80,752 TPA, Waste- 8,972 TPA), गांव- बाकलियावास, तहसील-मेड़ता, जिला - नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक चेजा पत्थर (अप्रधान खनिज) क्लस्टर खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि मैसर्स श्री गजे सिंह पुत्र श्री मधु सिंह ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है-
   1. जिला कलक्टर, नागौर।
   2. CEO जिला परिषद् नागौर।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4- संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर।
   6. उपखण्ड अधिकारी, मेड़ता।
   7. तहसीलदार, मेड़ता।
   8. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर।
   9. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर।
   10. ग्राम पंचायत, बाकलियावास।
   11. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकलियावास, तहसील- मेड़ता, जिला - नागौर।

अत: सर्व साधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय / प्रदूषण/ज.सु. 2024/3917 दिनांक 19.06.2024 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 29.07.2024 को प्रात: 10.00 बजे, स्थान- राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकलियावास परिसर, तहसील - मेड़ता, जिला - नागौर में उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर, जिला-नागौर को भी दिए जा सकते हैं।

**सचिन कुमार, पर्यावरण अभियन्ता एवं क्षेत्रीय अधिकारी**

DNA-321472

# गौ सेवार्थ हर संभव सहयोग का भरोसा

## युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति का मनाया स्थापना दिवस

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मकराना

युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति की ओर से गौ माता सर्किल पर संचालित गौवंश चिकित्सालय में शुक्रवार को समिति का 9वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम विजय कुमार व लढा परिवार के सदस्यों गौ माता की पूजा अर्जना की गई। इसके पश्चात समिति की ओर से यहां पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति द्वारा सेवा केंद्र पौधों की सुरक्षा के लिए चारों ओर तारबंदी की व्यवस्था की गई। इस दौरान समिति के प्रांगण समिति संरक्षक मोहन सिंह चौहान, विजय कुमार लढा, दिलीपसिंह राठौड़, संस्थापक पूरणमल (सुरेश कुमावत), अध्यक्ष अकिंत तंवर, महावीर पारीक, बजरंगसिंह मंडोवरी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही वक्ताओं ने समिति पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की ओर से गौ सेवा के लिये किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए गौ सेवार्थ हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्था के संस्थापक पूर्णमल उर्फ सुरेश कुमावत ने संस्था की ओर से किये जा रहे सेवा कार्यो पर विस्तार से रोशनी डाली और बताया कि बीमार गायों के ऑपरेशन के लिये एक आधुनिक ऑपरेशन कक्ष बनाने का कार्य किया जा रहा है। बीमार गायों की चौबीस घण्टे देख भाल के लिये कर्मचारियों सहित पशुधन सहायक की भी नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही आमजन गौ सेवा के लिये सहयोग का आग्रह किया। संस्थाध्यक्ष अंकित तंवर ने गौ सेवा के लिये आगे किये जाने वाले कार्यो को लेकर कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान गौ सेवार्थ सहयोग करने वालों का समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस तत्पश्चात पीड़ित पशु पक्षी के तीन आधुनिक पिंजरे निर्माण के लिए भामाशाहों ने अलग अलग घोषणाएं की। जिसके तहत आईसीयू वार्ड व स्टॉप के रहने के लिए एक रूम का निर्माण पूर्व में करवा चुके गोविन्द मार्बल्स किशनगढ़ के सुरेश मूंदड़ा व परिवार द्वारा आज फिर से पिंजरा, चौहान परिवार द्वारा पूर्व सरपंच जूसरी स्वर्गीय गोपीराम चौहान की स्मृति व सुभाष नगर निवासी हनुमानलाल किसान कुमावत परिवार द्वारा भी पिंजरा बनाने की घोषणा की गई। इसी प्रकार मंगलना रोड स्थित गौमाता सर्किल निर्माण के लिए गौमाता की मूर्ति की घोषणा अल्पेश शर्मा व नवीन शर्मा सादड़ी (पाली) निवासी द्वारा की गई। मकराना विकास समिति अध्यक्ष दिलीप सिंह दिलढाणी द्वारा मार्बल लगाने की घोषणा की गई। इस दौरान पर सुरेन्द सोनी, संजय धारीवाल, शंकरलाल सोलंकी, अरुण सोलकी, रणवीरसिंह राठौड़, रणजीतसिंह राजपुरोहित, सीए राजीव सोलंकी, प्रकाश चौहान, अभिमन्यु शेखावत, सुरेन्द कोठरी, भरत कोचर, कृष्णा लढा, मोहम्मद जबीर गैसावत, कपिल तिवाड़ी, बाबूलाल सोलंकी, श्याम कुमावत, देवेंद्र सैनी, नवीन सोलंकी, मनोज प्रजापत, विकास सांखला, अभिषेक सैनी, येस सैनी, पशुधन सहायक मुकेश रैगर, दीपाराम मेघवाल, कलम चौधरी आदि मौजूद थे।



मकराना। गौ सेवार्थ सहयोग करने वालों का सम्मान युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारी। -रहीम भाटी।


ब्रह्मलीन होने वाली पुण्यात्माओं के प्रति अपनी संवेदनाओं को प्रकट करें

**डिस्प्ले विज्ञापन**
- तीये की बैठक
- श्रद्धांजलि
- पुण्यतिथि

प्रिय पाठकों के लिए विशेष रियायती दरें

| साइज (वर्ग से.मी.) | दर (रंगीन) |
|---|---|
| 5×8 | 2000/- |
| 8×8 | 3200/- |
| 10×8 | 4000/- |
| सभी दरों के अलावा 5% जीएसटी अतिरिक्त | |

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
दैनिक नवज्योति 9251097010


## जोधपुर- मउ सहित पांच जोड़ी ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार

**मेड़ता रोड।** रेलवे की ओर से यात्रियों की मांग पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार जोधपुर मउ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का जोधपुर से 7 जुलाई से 28 जुलाई तक, मउ से 9 जुलाई से 30 जुलाई तक, जोधपुर मउ का 6 से 27 जुलाई तक, मउ से 8 से 29 जुलाई तक चार ट्रिप, ट्रेन भगत की कोठी- हरिद्वार का भगत की कोठी से 4 से 25 जुलाई तक, हरिद्वार से 5 से 26 जुलाई तक चार ट्रिप, ट्रेन बाड़मेर- मुनाबाव का एक जुलाई से 31 दिसंबर तक विस्तार किया गया हे। इसी प्रकार काचीगुड़ा-लालगढ़ ट्रेन का काचीगुड़ा से 6 जुलाई से 28 सितंबर व लालगढ़ से 9 जुलाई से 1 अक्टूबर तक तक विस्तार किया गया है।


## नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र अल्ताफ हुसैन के विद्यालय रिकॉर्ड में पिता का नाम मोहम्मद जावेद से बदलकर जावेद अली और माता का नाम कलसुम बानो से बदलकर कलसुम दर्ज करवाना चाहता हूं। भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। जावेद अली पुत्र मेहबूब अली, निवासी डीडवाना, जिला डीडवाना-कुचामन।

मैं रामदेव पुत्र फताराम, निवासी हुकमपुरा, तहसील परबतसर। मेरी बहनें पपू देवी और नानी देवी ने अपना नाम बदलकर प्रिया और नैंना रख लिया है। अत: आज से दोनों बहनों को नए नाम से ही जाना पहचाना जाए।

✓मेरा वास्तविक नाम संतोष देवी पुत्री शिवराम है लेकिन भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 501391814 में भूलवश घरेलू नाम सरिता दर्ज हो गया है, जो गलत है। भविष्य में मुझे संतोष देवी पत्नी रामनिवास जाट निवासी-टोडास, हाल निवासी-भीराणा लोसल, तहसील-धोद, जिला-सीकर के रूप में जाना-पहचाना जाए।


प्रपत्र संख्या-7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, अजमेर संभाग, अजमेर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों का (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
**कार्यालय : राजस्थान लोक सेवा आयोग के सामने, कांकरदा-भूणाबाय, जयपुर रोड, अजमेर**
**मुकदमा नम्बर: 109/नागौर/2024**

चूंकि श्री कानाराय अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत श्री कृष्ण गौरक्षा शिविर संस्थान हरसोलाव, तहसील मेड़ता, जिला नागौर के पंजीयन हेतु प्रन्यास के संबंध में जांच किए जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों तो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गईं तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जाएगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जाएगा। आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

आगामी तारीख पेशी 02.09.2024

मोहर | गिरीश कुमार बचानी, सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, अजमेर

DNA 321507

प्रपत्र संख्या-7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, अजमेर संभाग, अजमेर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों का (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
**कार्यालय : राजस्थान लोक सेवा आयोग के सामने, कांकरदा-भूणाबाय, जयपुर रोड, अजमेर**
**मुकदमा नम्बर : 108/नागौर/2024**

चूंकि श्री मोहनराय सिंवर अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत श्री सीताराम गौशाला समिति, गुणशली (किरोदा), तहसील डेगाना, जिला नागौर के पंजीयन हेतु प्रन्यास के संबंध में जांच किए जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों तो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गईं तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जाएगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जाएगा। आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

आगामी तारीख पेशी 02.09.2024

मोहर | गिरीश कुमार बचानी, सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, अजमेर

DNA 321505

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाइन के सामने,
नागौर- 341001 (राज.), ई-मेल-rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांक : राप्रनिम/आरओ-नागौर/ पी.यू.बी.-188/ | दिनांक : ..............

**पर्यावरणीय स्वीकृति चाईना क्ले (अप्रधान खनिज) खनन क्लस्टर परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ''प्रस्तावित चाईना क्ले (अप्रधान खनिज) खनन क्लस्टर परियोजना'' जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है-

| S. No. | Name of the Project Proponent | ML.No. | Area (Hect.) | Production Capacity | Project Cost (In Cr.) |
|---|---|---|---|---|---|
